कार्यालय महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,उत्तर प्रदेश, छठा तल जवाहर भवन, लखनऊ

संख्या–एम0ई0–3 / 2015 / 3158 लखनऊःदिनांकः 24 सितम्बर 2015

मॉपअप राउण्ड आवंटन

दिनांक 29.9.2015 तथा उससे पूर्व आवंटित छात्रों के प्रवेश न लेने, त्यागपत्र देने अथवा किसी अन्य कारण से रिक्त सीटों पर मॉपअप राउण्ड के माध्यम से आवंटन की कार्यवाही जाएगी।

दिनांक एवं काउंसिलिंग स्थल	आमंत्रित अभ्यर्थी
30.9.2015 सायं 3:00 बजे से (मात्र टेलीमेडिसिन सेन्टर, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ पर)	<u>ओवर आल स्टेट रैंक–1 से 2000 तक के अन्तर्गत</u>– अनारक्षित / General - (OP, GL,) OBC-(OP, GL) <u>ओवर आल स्टेट रैंक–01 से 20000 तक के अन्तर्गत</u>– SC - (OP, GL) <u>ओवर आल स्टेट रैंक–01 से सभी अर्ह</u> अनारक्षित / General-(EA, FF, NCC, PH) OBC- EA, FF, NCC, PH) SC- EA, FF, NCC, PH ST (OP, GL श्रेणी के सभी अर्ह)

- सी0पी0एम0टी0–2015 की तृतीय चक्र की काउंसिलिंग के पश्चात अपरिहार्य कारणों से एम0बी0बी0एस0 / बी0डी0एस0 पाठ्यक्रमों की रिक्त सीटों पर आवंटन की कार्यवाही विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) के माध्यम से टेलीमेडिसिन केन्द्र, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ (**<u>केवल लखनऊ केन्द्र पर ही</u>**) में **<u>दिनांक 30 सितम्बर 2015 को</u>** अपरान्ह 4:00 बजे से सम्पन्न की जायेगी।
- विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) हेतु निम्न अभ्यर्थी <u>अर्ह होंगे</u>–
  1 सी0पी0एम0टी0 2015 में उत्तीर्ण एम0बी0बी0एस0 / बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम हेतु अर्ह अभ्यर्थी जिनके पास पास मूल प्रमाण पत्र उपलब्ध है अथवा सी0पी0एम0टी0 2015 की पूर्व काउंसिलिंग के माध्यम से BDS पाठ्यक्रमों में प्रवेशित है। बी0डी0एस0 में प्रवेशित इच्छुक छात्रों द्वारा इस विशेष आवंटन में प्रतिभाग करने हेतु सम्बन्धित कालेजों से त्याग पत्र देते हुए मूल प्रमाण–पत्रों के साथ विशेष आवंटन में उपस्थित होना आवश्यक है।
- इस आवंटन में कोई पुनरावंटन (Reshuffeling) अनुमन्य नही होगा। विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) हेतु निम्न अभ्यर्थी अर्ह <u>नही होंगे</u>–
  1 सी0पी0एम0टी0–2015 की प्रथम / द्वितीय / तृतीय काउंसिलिंग के माध्यम से एम0बी0बी0एस0 आवंटन प्राप्त (प्रवेषित / अप्रवेषित / त्यागपत्र दे चुके) अभ्यर्थी।
  2 अखिल भारतीय प्रवेष परीक्षा / All India quota के माध्यम से प्रवेषित अभ्यर्थी।
  3 विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही आवंटन की कार्यवाही की जायेगी। अभ्यर्थी द्वारा मूल प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने की स्थिति में अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।
- **विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) में अभ्यर्थियों को समान पाठ्यक्रम में कालेज का परिवर्तन / पुनरावंटन अनुमन्य नहीं होगा, यद्यपि पाठ्यक्रम / विधा परिवर्तन (Course Change) का विकल्प ही अनुमन्य होगा।**
- इस सम्बन्ध में छात्रों द्वारा विशेष ध्यान रखा जाय कि क्योकि यह प्रक्रिया विशेष आवंटन की है तथा काउन्सिलिंग की नही। अतः इस प्रकार से जिन छात्रों द्वारा त्याग पत्र दिया गया है, उन्हें पुनः अपने मूल सीट पर प्रवेश उपलब्ध नही होगा। उदाहरणतः यदि बी0डी0एस0 में प्रवेशित छात्र द्वारा विशेष आवंटन में प्रतिभाग लेने की इच्छा से त्याग पत्र देते हुए विशेष आवंटन प्रक्रिया में प्रतिभाग किया गया परन्तु इच्छानुसार एम0बी0बी0एस0 सीट नही उपलब्ध हुयी तो ऐसी दशा में इस छात्र को बी0डी0एस0 में पुनः कोई भी सीट उपलब्ध नही होगी।

- विशेष आवंटन (MOP UP ROUND) के माध्यम से आवंटित सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया आवंटन स्थल **(टेलीमेडिसिन केन्द्र, एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ)** पर ही सम्पन्न करायी जानी है, अतः अभ्यर्थियों को निर्देषित किया जाता है कि शासनादेष संख्या–2240/71–3–2010–328/92, दिनांक 20 अगस्त, 2010 **(वेबसाईट www.updgme.in पर उपलब्ध)** द्वारा निर्धारित प्रवेष संबंधी शुल्क के साथ उपस्थित होना सुनिष्चित करें ताकि आवंटन स्थल पर ही प्रवेष सम्बन्धी कार्यवाही पूर्ण की जा सके।

काउंसिलिंग शुल्क तथा सिक्योरिटी धनराशि जमा करने की प्रक्रिया एवं अन्य सामान्य निर्देश कार्यालय की पूर्व विज्ञप्ति संख्या–एम0ई0–3/2015/2897 दिनांक 11 सितम्बर 2015, जो दिनांक 12 सितम्बर 2015 को दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ है, तथा इस कार्यालय की वेबसाईट www.updgme.iद तथा www.updgme.co.in पर भी उपलब्ध है, के अनुरूप यथावत रहेंगे।

(वी0एन0त्रिपाठी)
महानिदेशक